दिन– मंगलवार

दिनांक– 10 / 03 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 07.30 बजे से।

अवधि – 15 मिनट

---

01. केंद्र सरकार ने पश्चिम एशिया संकट के बीच प्रमुख क्षेत्रों के लिए प्राकृतिक गैस की आपूर्ति बनाए रखने के लिए आवश्यक वस्तु अधिनियम लागू किया।

02 मुख्यमंत्री नीतीश ने कहा – केंद्र सरकार के सहयोग से अगले पांच वर्षों में विकसित बिहार के लक्ष्य को हासिल किया जाएगा।

03. बिहार में राज्यसभा की पांच सीटों के लिए होने वाले चुनाव की रणनीति पर चर्चा के लिए आज पटना में महागठबंधन विधायकों की हुई बैठक।

04. और, मौसम विभाग ने आज भागलपुर, बांका और जमुई जिले में कुछ स्थानों पर हल्की बारिश की संभावना जताई।

---

पश्चिम एशिया में मौजूदा स्थिति को देखते हुए केंद्र सरकार ने प्राथमिकता वाले क्षेत्रों के लिए प्राकृतिक गैस के उत्पादन को विनियमित करने, आपूर्ति बनाए रखने, समान वितरण और उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक वस्तु अधिनियम, उननीस सौ पचपन लागू किया है। एक रिपोर्ट...

–––रिपोर्ट–––

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की अधिसूचना के अनुसार घरेलू पाइपलाइन प्राकृतिक गैस आपूर्ति, परिवहन के लिए सीएनजी, एलपीजी उत्पादन, पाइपलाइन कंप्रेसर ईंधन और अन्य आवश्यक पाइपलाइन परिचालन आवश्यकता वाले क्षेत्रों को प्राकृतिक गैस की आपूर्ति में प्राथमिकता दी गई है। अधिसूचना में कहा गया है कि आपूर्ति को पिछले छह महीनों की औसत गैस खपत के 100 प्रतिशत परिचालन उपलब्धता के अधीन बनाए रखा जाएगा। आदेश में कहा गया है कि उर्वरक संयंत्रों को पिछले छह महीनों की औसत गैस खपत के 70 प्रतिशत के बराबर प्राकृतिक गैस की आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। गैस विपणन संस्थाएं यह सुनिश्चित करेंगी कि राष्ट्रीय गैस ग्रिड के माध्यम से आपूर्ति किए जाने वाले चाय उद्योग, विनिर्माण और अन्य औद्योगिक उपभोक्ताओं को पिछले छह महीनों की औसत गैस खपत के 80 प्रतिशत के बराबर गैस की आपूर्ति बनी रहे। आदेश में यह भी कहा गया है कि सभी शहरी गैस वितरण संस्थाएं यह सुनिश्चित करेंगी कि औद्योगिक और वाणिज्यिक उपभोक्ताओं को आपूर्ति किए जाने वाली गैस उनकी पिछले छह महीनों की औसत गैस खपत का 80 प्रतिशत हो। सकलेन की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से मैं मुकेश कुमार बल।

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा है कि केंद्र सरकार के सहयोग से बिहार लगातार प्रगति पथ पर आगे बढ़ रहा है। सुपौल के निर्मली में समृद्धि यात्रा के दौरान जनसंवाद को संबोधित करते हुए श्री कुमार ने कहा कि अगले पांच वर्षों में बिहार को विकसित राज्यों की श्रेणी में लाया जाएगा।

–––बाइट–––

मुख्यमंत्री ने कहा कि उनके शासनकाल में शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और आधारभूत संरचना जैसे क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य हुए। श्री कुमार ने कहा कि सुपौल जिले को औद्योगिक रूप से विकसित किया जाएगा।

———बाइट———

मधेपुरा में जनसंवाद के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि जिले की महिलाओं को स्वरोजगार के लिए राशि उपलब्ध कराई जा रही है।

———बाइट———

सभा को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार के विकास के एक नई दिशा दी है। राज्यसभा जाने के बावजूद राज्य की नई सरकार को उनका मार्गदर्शन लगातार मिलता रहेगा।

———बाइट———

मुख्यमंत्री ने सुपौल में पांच सौ सत्तर करोड़ रुपये लागत वाली दो सौ तेरह और मधेपुरा में तीन सौ दो करोड़ रुपये लागत से दो सौ पंचानवे विकास योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। उन्होंने दोनों जिले में चल रही विभिन्न विकास परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा भी की।

---

लोकसभा में अध्यक्ष ओम बिरला को पद से हटाने के प्रस्ताव पर चर्चा जारी है। दोपहर बारह बजे पहले स्थगन के बाद सदन की कार्यवाही शुरू होने पर कांग्रेस सांसद, डॉ. मोहम्मद जावेद ने यह प्रस्ताव पेश किया। उन्होंने कहा कि अध्यक्ष ने सदन में विपक्ष के नेता सहित अन्य विपक्षी नेताओं को बोलने नहीं दिया और विपक्ष की महिला सांसदों पर निराधार आरोप लगाए। पीठासीन अधिकारी, जगदंबिका पाल ने सदस्यों को सूचित किया कि प्रस्ताव पर चर्चा के लिए दस घंटे का समय आवंटित किया गया है। चर्चा की शुरुआत करते हुए कांग्रेस के गौरव गोगोई ने कहा कि सदन में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर उनके भाषण के दौरान अध्यक्ष ने बार–बार बाधित किया। उन्होंने कहा कि अध्यक्ष ने सदन की कार्यवाही के दौरान पक्षपातपूर्ण व्यवहार किया। श्री गोगोइ ने कहा कि यह प्रस्ताव व्यक्तिगत रूप से श्री बिरला के खिलाफ नहीं है।

---

बिहार में राज्यसभा की पांच सीटों के लिए होने वाले चुनाव की रणनीति पर चर्चा के लिए आज पटना में महागठबंधन के विधायकों की बैठक हुई। बैठक में राजद, कांग्रेस, इंडियन इंक्लूसिव पार्टी और वाम दलों के विधायक शामिल थे। एआईएमआईएम और बसपा विधायकों को भी बैठक में आमंत्रित किया गया था, लेकिन वे शामिल नहीं हुए। प्राप्त जानकारी के अनुसार नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ने बैठक में विधायकों को मतदान के दिन समय पर पहुंचने और किसी प्रकार की चूक नहीं करने को कहा।

---

उप मुख्यमंत्री सह राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा है कि विभाग में हड़ताल की संस्कृति नहीं चलेगी। आज पटना में संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि विभागीय कामों में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों पर सरकार कार्रवाई करेगी।

———बाइट———

श्री सिन्हा ने कहा कि नगर निकायों को निर्धारित दर पर पार्किंग शुल्क वसूल करने के निर्देश दिये गये हैं।

---

राज्य सरकार ने वाल्मीकिनगर हवाई अड्डे के विकास और उन्नयन के लिए अड़तीस करोड़ चौंसठ लाख रुपये की निविदा प्रकाशित की है। उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि इसके तहत टर्मिनल भवन, एटीसी टावर, और फायर स्टेशन सहित अन्य आधुनिक सुविधाओं को निर्माण होगा।

---

पीएम विश्वकर्मा योजना के लाभार्थियों के उत्पादों के प्रचार–प्रसार के उद्देश्य से पटना के पाटलिपुत्र औद्योगिक परिसर में आज से तीन दिवसीय उद्यमी मेले की शुरूआत हुई। विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर प्रेम कुमार मेले का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि राज्य के पंद्रह लाख से अधिक कामगार इस योजना से लाभान्वित हुए हैं।

———बाइट———

---

बिहार विधान परिषद में साइबर सुरक्षा और कृत्रिम बुद्धिमत्ता को लेकर जागरूकता कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम का उद्‌घाटन सभापति अवधेश नारायण सिंह ने किया। कार्यशाला का उद्देश्य जनप्रतिनिधियों को साइबर अपराध से बचाव और डिजिटल तकनीकों के सुरक्षित उपयोग के प्रति जागरूक करना था।

---

देश की प्रथम महिला शिक्षिका और महान समाज सुधारक सावित्रीबाई फुले को आज उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धापूर्वक याद किया गया। इस अवसर पर राजधानी पटना समेत जिला मुख्यालयों में कई कार्यक्रम आयोजित किये गए। राष्ट्रीय लोक मोर्चा प्रदेश कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश ने उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की।

---

वरिष्ठ राजनेता और पूर्व विधायक सतीश कुमार का आज पटना में पूरे सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। इससे पूर्व अंतिम दर्शनों के लिए उनका पार्थिव शरीर विधानमंडल परिसर लाया गया, जहां विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार समेत कई गणमान्य लोगों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

---

टी–ट्‌वेंटी क्रिकेट विश्व कप विजेता भारतीय टीम के खिलाड़ी ईशान किशन आज पटना पहुंचे। हवाई अड्‌डे पर खेल मंत्री श्रेयसी सिंह समेत हजारों की संख्या में पहुंचे लोगों ने उनका स्वागत किया। पत्रकारों से बातचीत में ईशान किशन ने कहा कि भारतीय टीम की यह उपलब्धि हरेक देशवासी के लिए गर्व का विषय है।

———बाइट———

खेल मंत्री श्रेयसी सिंह ने कहा कि ईशान किशन बिहार से हैं, जो हर राज्यवासी के लिए गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि सरकार खेल और खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

———बाइट———

---

मौसम विभाग ने आज भागलपुर, बांका और जमुई जिले में कुछ स्थानों पर हल्की बारिश की संभावना जताई है। विभाग ने कहा है कि कल भी राज्य के उत्तर–पश्चिम, उत्तर–मध्य और उत्तर–पूर्वी हिस्सों में कई स्थानों पर बारिश का पूर्वानुमान है। साथ ही इस दौरान तीस से चालीस किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने और मेघगर्जन तथा वज्रपात की भी चेतावनी जारी की गयी है।

–––बाइट–––

इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान तैंतीस दशमलव दो डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ अररिया का फारबिसंगज राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा।

---

निगरानी जांच ब्यूरो की टीम ने सीतामढ़ी के डुमरा कोर्ट परिसर से कौड़िया लालपुर पंचायत के मुखिया अवधेश साह को सोलह हजार रुपये रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार मुखिया नल–जल योजना के विपत्र भुगतान के एवज में शिकायतकर्ता से घूस ले रहा था।

---

नवादा जिले के गोविंदपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत सूअरलेट डैम के पास एक पहाड़ी गुफा से पुलिस ने दो अपराधियों को हथियारों के साथ गिरफ्तार किया है।

---

अरवल जिले के पारसी थाना क्षेत्र के कामता मठिया मोड़ के पास से पुलिस ने चार शराब तस्करों को भारी मात्रा में शराब के साथ गिरफ्तार किया है।

---

कैमूर जिले के बरेज गांव के पास ट्रेन की चपेट में आने से दो भाईयों की मौत हो गयी।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर..........

01. केंद्र सरकार ने पश्चिम एशिया संकट के बीच प्रमुख क्षेत्रों के लिए प्राकृतिक गैस की आपूर्ति बनाए रखने के लिए आवश्यक वस्तु अधिनियम लागू किया।

02 मुख्यमंत्री नीतीश ने कहा – केंद्र सरकार के सहयोग से अगले पांच वर्षों में विकसित बिहार के लक्ष्य को हासिल किया जाएगा।

03. बिहार में राज्यसभा की पांच सीटों के लिए होने वाले चुनाव की रणनीति पर चर्चा के लिए आज पटना में महागठबंधन विधायकों की हुई बैठक।

04. और, मौसम विभाग ने आज भागलपुर, बांका और जमुई जिले में कुछ स्थानों पर हल्की बारिश की संभावना जताई।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।